# —:: स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आज से शुभारंभ ::—

रायपुर । भारत सरकार द्वारा आगामी 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म तिथि पर श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है। उक्त प्रस्ताव पर कल 17 सितम्बर से 01 अक्टूबर 2024 तक ‘‘स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता‘‘ के प्रसंग पर ‘‘स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़ा का आयोजन छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में किया जा रहा है ।

उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री श्री अरूण साव जी ने प्रदेश के सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में ‘‘स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता‘‘ के प्रसंग पर ‘‘स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़ा का आयोजन किये जाने के निर्देश निगम आयुक्तों व मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दिये है ।

‘‘स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता ‘‘ के प्रसंग पर ‘‘स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता की भागीदारी सफाई एवं स्वच्छता हेतु व्यापक स्तर पर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से नागरिकों, समाजिक संस्थानों एवं विभिन्न संगठनों को सम्मलित करते हुए विभिन्न गतिविधियों , प्रतिज्ञाओं, प्रतियोगितायें, वृक्षारोपण कार्यक्रम, वॉकथॉन इत्यादि का आयोजन किया जायेगा । इसके अतिरिक्त अभियान अवधि में अभिनव प्रयास के रूप में विभिन्न गतिविधियाँ जैसे - क्लीन स्ट्रीट फुड चैलेज , वेस्ट टू आर्ट, रिसाईकल्ड उत्पादो के विक्रय, स्वच्छ भारत कल्चरर फैस्ट इत्यादि का आयोजन नगरीय निकायों में किया जा रहा है। उपरोक्त आयोजनों में ब्रैन्ड एमबेसडर एवं इनफ्लूएनर्सस को शामिल करते हुए अभियान का संदेश आमजनो तक प्रसारित किया जावेगा ।

इसी प्रकार श्रमदान से सम्पूर्ण स्वच्छता नगरीय निकायों में आमजनों एवं विशिष्टजनों को सम्मलित करते हुए वृहद स्तर पर सड़कों, रेलवे स्टेशनों, नालो, जलस्त्रोतो इत्यादि की सफाई हेतु श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता अभियान आयोजित किया जा रहा है । नगरीय निकायों में कठिन एवं गंदे स्थलों का चयन कर ऐसे स्थलों को ’स्वच्छता लक्षित इकाई के रूप में चिन्हित किया जाएगा । इन स्थलों को अभियान अवधि अंतर्गत साफ करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । ‘‘स्वच्छता ही सेवा‘‘ अभियान पखवाड़ा के तहत सफाई मित्र स्वच्छता शिविर सफाई मित्रों के स्वास्थ्य के देखभाल हेतु एकल खिड़की स्वास्थ्य एवं कल्याण शिविर आयोजित किया जाएगा एवं इसे केन्द्र एवं राज्य शासन की अन्य कल्याणकारी योजनाओं के साथ संलग्न किया जाएगा ।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय ने प्रदेश के सभी नगर निगमों , नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के निगम आयुक्तों व मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को उपरोक्त गतिविधियों के क्रियान्यवन एवं “स्वच्छता ही सेवा अभियान“ के सफल आयोजन हेतु विभिन्न दिशा निर्देश दिए है। शासन द्वारा जारी परिपत्र में कहा गया है कि “स्वच्छता ही सेवा अभियान ( SHS-2024)” के दौरान श्रमदान के माध्यम से वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जावें। इसके अलावा स्वच्छ भारत कल्चरर फैस्ट का आयोजन किया जावें।

“स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़ा के अंतर्गत दिनांक 01 अक्टूबर तक सभी नगरीय निकायों में “स्वच्छता लक्ष्यित इकाईयों” का चिन्हांकन कर पोर्टल पर मैपिंग करते हुए ऐसे गंदे स्थलों का रूपातंरण किया जावें। “स्वच्छता ही सेवा अभियान ( SHS-2024) “ अंतर्गत विभिन्न विभागों, कार्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्रों की उपक्रमों , एन.जी.ओ., सी.एस.ओ., सी.एस.आर. मदों इत्यादि से भागीदारी जुटाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जावें। साथ ही उपरोक्त अभियान की एमआईएस एन्ट्री “स्वच्छता ही सेवा अभियान ( SHS-2024)” हेतु तैयार आईटी पोर्टल पर किया जाना सुनिश्चित किया जावें।

— — —